वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के नाम पर महिला सशक्तीकरण पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

30 मार्च, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के नाम पर छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तीकरण पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने बेमेतरा ज़िले के विकासखंड नवागढ़ के ग्राम संबलपुर में लोधी समाज द्वारा आयोजित वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस समारोह में यह घोषणा की।
- यह पुरस्कार राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर को प्रदान किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर संबलपुर को नगर पंचायत का दर्जा देने की घोषणा भी की।
- उल्लेखनीय है कि भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम सन् 1857 की लड़ाई में वीरांगना अवंती बाई लोधी ने अंग्रेज़ों के खिलाफ युद्ध करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/women-empowerment-award-in-the-name-of-veerangana-rani-avanti-bai-lodhi